Title: Requested to release the documentary film on Dr. Baba Saheb Ambedkar, made in 1998 and financed by both the Central Government and the State Governmnnet of Maharashtra.

श्री रामदास आठवले (पंडरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, संविधान के निर्माता, दलितों और गरीबों के मसीहा डाक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर की फिल्म 1998 में बनी थी। इस फिल्म के लिए भारत सरकार ने पांच करोड़ रुपए और महाराष्ट्र सरकार ने एक करोड़ 75 लाख रुपए दिए लेकिन यह फिल्म आज तक रिलीज नहीं हुई। मेरा निवेदन है कि यह फिल्म अपने देश में रिलीज होनी चाहिए। यह फिल्म इंग्लिश में है। मेरा निवेदन है कि इस फिल्म को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जल्दी रिलीज करना चाहिए।

13.18 hours

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.